# हरियाणा विधान सभा

**(25 अगस्त, 2023 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

**तारांकित प्रश्न**

## 25th अगस्त, 2023

----

**कुल प्रश्न 20**

----

**बाई पास का निर्माण**

*1 **श्री लक्ष्मण नापा ( रतिया):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या यह तथ्य है कि रतिया शहर में टोहाना की ओर जाने वाली सड़क पर जाम लगा रहता है तथा यह सड़क टोहाना को फतेहाबाद से वाया रतिया को जोड़ती है; तथा

(ख) क्या रतिया कस्बे में फतेहाबाद सड़क से टोहाना सड़क तक बाई-पास बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

**रेलवे अंडर पास तथा रेलवे उपरि पुल का निर्माण करना**

*2 **श्री जगदीश नायर ( होडल):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या होडल सड़क पर गोरोटा रेलवे क्रॉसिंग, भुलवाना रेलवे क्रॉसिंग, बन्चारी से डकोरा रेलवे क्रॉसिंग, मितरोल, डीघोट, मरोली, बन्चारी से गोरोटा रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे उपरि पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## क्रशिंग जोन में वायु गुणवत्ता डाटा

***3 डॉ. अभय सिंह यादव ( नांगल चौधरी):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) नांगल चौधरी विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के धोलेड़ा क्रशिंग जोन में गत एक वर्ष के दौरान का वायु गुणवत्ता डाटा क्या है;

(ख) क्या प्रभावित क्षेत्र में आस-पास के गांवों के नागरिकों के स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण के प्रभाव पर कोई अध्ययन किया गया है;

(ग) क्या इस क्षेत्र की वायु गुणवत्ता को सुधारने तथा प्रभावित गावों में स्वास्थ्य मापदंडों की निगरानी करने के लिए कोई विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं ;

(घ) क्या इस क्षेत्र में प्रदूषित धूल को रोकने के लिए कोई विशेष उपकरण लगाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

----

## यू-टर्न का निर्माण करना

***4 श्री नरेन्द्र गुप्ता (फरीदाबाद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली/मथुरा सड़क पर गुड ईयर कट बंद कर दिया गया है जिसके कारण सेक्टर 3, 7, 8 तथा सीही गांव के लोगों को दिल्ली जाने के लिए बल्लभगढ़ से यू-टर्न लेना पड़ता है तथा बल्लभगढ़ पुल के नीचे से यू-टर्न लेते समय यातायात जाम हो जाता है; तथा

(ख) क्या उक्त समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के उपर यू-टर्न निर्माण करने के लिए कोई प्रस्ताव एफ.एम.डी.ए. के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किये जाने की संभावना है ?

----

## टयूबवैल कनेक्शन जारी करना

***5 श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) वर्ष 2018 से पहले सोलर ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन धारकों को बिजली के कनेक्शन जारी न करने के कारण क्या हैं ; तथा

(ख) क्या वर्ष 2019 से 2021 के दौरान आवेदक किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन के आवंटन में 10 बी.एच.पी. मोटर क्षमता /7.5 किलोवाट के सोलर कनेक्शन देने की लगी शर्त को हटाकर ऐच्छिक या वैकल्पिक प्रणाली को जोड़कर कोई योजना बनाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है ?

----

## प्रयोगशालाओं में जांचे गए विद्युत मीटरों की संख्या

*6 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में गत पांच वर्षों में प्रयोगशालाओं में जांचे गए विद्युत मीटरों की वर्ष-वार संख्या कितनी है तथा उन मीटरों की पृथक-पृथक संख्या कितनी है जो धीमी गति तथा तेज गति से चलते हुए पाए गए हैं; तथा

(ख) विद्युत मीटरों को परीक्षण हेतु स्वतंत्र प्रयोगशालाओं में न भेजे जाने के कारण क्या हैं ?

----

## जेल स्थानांतरित करना

*7 **श्री लीला राम (कैथल):**

क्या जेल मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या जेल को कैथल शहर से बाहर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है?

----

## चारमार्गी सड़कों का निर्माण करना

***8 श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या जींद-पानीपत तथा सफीदों-असंध चारमार्गी सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

----

## अभियांत्रिकी महाविद्यालय खोलना

***9 श्री संजय सिंह ( सोहना):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या उपमंडल तावडू में एक अभियांत्रिकी महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त महाविद्यालय के कब तक खोले जाने की संभावना है ?

----

## सड़कों की मरम्मत करना

***10 श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या गांव बहलबा में बेरी-महम सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) क्या गांव बहु-अकबरपुर से निंदाना तक सड़क की अवस्था सुधारने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों की मरम्मत/सुधार कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## सड़कों, उपरि पुल, अंडर पास तथा चार मार्गी सड़क का निर्माण करना

*11 **भव्य बिश्नोई ( आदमपुर):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे –

(क) आदमपुर मंडी बाई-पास से बस अड्डा, मंडी आदमपुर से सदलपुर, मंडी आदमपुर से सीसवाल, काबरेल, हिसार से बगला-घुड़साल सड़कों का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि आदमपुर मंडी में रेलवे फाटक संख्या-114 सी पर उपरि पुल का निर्माण कार्य आरम्भ हुआ था तथा 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है परंतु अब कार्य बंद पड़ा है; यदि हां, तो पुल के उक्त लंबित निर्माण कार्य के कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या आदमपुर मंडी में क्रान्ति चौंक के रेलवे फाटक संख्या 113-सी पर अंडर-पास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह भी तथ्य है कि अग्रोहा से आदमपुर होते हुए राजस्थान सीमा तक चारमार्गी सड़क के निर्माण की प्रक्रिया आरम्भ हुई थी तथा उक्त प्रस्ताव का अनुमान भी तैयार हो गया था; तथा

(ङ) यदि हां, तो उक्त कार्य के लिए बजट कब तक जारी किए जाने की संभावना है तथा उक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

----

## बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा

*12 **श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे –

(क) इस वर्ष जुलाई के महीने में राज्य में बाढ़ के कारण कितने एकड़ की फसलें क्षतिग्रस्त/खराब हुईं तथा उसका जिलावार तथा फसल-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) बाढ़ के कारण खराब फसलों के मुआवजे के लिए ई-मुआवजा पोर्टल पर तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या बाढ़ के कारण हुए नुकसान पर कृषि विभाग द्वारा कोई रिपोर्ट दी गई है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; तथा

(घ) क्या किसानों को उनकी फसलों के नुकसान का कोई मुआवजा दिया गया है ; यदि

हां, तो मुआवजे की दर/प्रतिशत क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## जल भराव की समस्या का समाधान करना

*13 **श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

**(क)** क्या यह तथ्य है कि बादली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बादली, खेडी जट्ट, गोयला कलां, खेड़का गुजर, खुंगाई, गुभना, माजरी, देशलपुर, बुपानियां, शाहपुर, गंगडवा, लुक्सर, जगरतपुर, मुण्डाखेड़ा, इस्माइलपुर, देवरखाना, बाढ़सा, सौंधी, याकूबपुर, कोट बाजितपुर, सिकंदरपुर, जहांगीरपुर, सुहरा, कलोई, मुनिमपुर, दादनपुर, रायपुर, गीजाडोद, सुलोधा, बाबरा, डावला, रईया, हसनपुर, किरडोद, सुरेहती, समसपुर माजरा, माछरोली, खुड्डन, छप्पार, अहरी अमादलपुर, खेडी सुल्तान, कहाडी, गिरधपुर, बाबेपुर, सिलाना, सिलानी, सुबाना, चांदोल, ढाकला, जैतपुर न्योला, कासनी, पाटोदा, लोहारी, कुलाना तथा कोका इत्यादि गांवों के मानसून तथा बेमौसमी बरसात के कारण खेतों में जल भराव की बडी समस्या है जिसके परिणामस्वरूप सभी फसलें खराब/क्षतिग्रस्त तथा घर भी जीर्ण-शीर्ण हो गए हैं; तथा

**(ख)** यदि हां, तो उक्त जल-भराव की समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए है तथा उपरोक्त समस्या का स्थाई समाधान कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## अनाज मंडी को स्थानांतरित करना

*14 **श्री धर्मपाल गोंदर (नीलोखेडी):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या यह तथ्य है कि नीलोखेड़ी में स्थित अनाज मंडी को बाहर जी.टी. रोड पर स्थानांतरित करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त अनाज मंडी को शहर में लगातार बढ़ते जाम को ध्यान में रखते हुए कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का पुनर्निर्माण करना

*15 **श्री जोगी राम सिहाग ( बरवाला):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या बरवाला विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव सतरोड़ कलां तथा लाडवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का पुनर्निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) यदि हां, तो इनके कब तक पुनर्निर्मित किए जाने की संभावना है ?

----

## बाढ़ को रोकने के लिए अतिरिक्त उपाय

*16 **श्री असीम गोयल नन्योला (अंबाला शहर):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि अम्बाला शहर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में बाढ़ को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या अतिरिक्त उपाय किए जा रहे हैं तथा उनका ब्यौरा क्या है ?

----

## सड़कों की मरम्मत/पुनर्निर्माण

*17 **श्री बलबीर सिंह (इसराना):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या यह तथ्य है कि इसराना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों की निम्नलिखित सड़कें बुरी अवस्था में है-

1. मतलौडा से भण्डारी वाया वैसर ;

2. डुमियाना से छिछड़ाना;

3. पाथरी से छिछड़ाना-सींक रोड;

4. भण्डारी से सुताना वाया लोहारी;

5. वजीरपुर टिटाना से मांडी वाली सड़क तक;

6. वजीरपुर टिटाना से इसराना वाया पलड़ी;

7. मतलोडा से शेरा;

8. मतलोडा से बालजट्टां वाया थिराना से खांडरा;

9. रिफाइनरी फाटक से बोहली तक;

10. पुठर से लाखू बुआना तक;

11. भंडारी से भाउपुर;

12. भंडारी से नैन तक;

13. परठाणा से शाहपुर;

14. उरलाना कलां से सफीदों एन.एच तक वाया दरियापुर;

15. कुराना से छतहरा;

16. कुराना से बुसाना;

17. मतलौडा से जोशी; तथा

(ख) क्या उपरोक्त सड़कों की मरम्मत/पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचारधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों की मरम्मत/पुनर्निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?

----

## शमशान घाट का उपयुक्त रख रखाव

***18** **श्री राजेंन्द्र् सिंह जून ( बहादुरगढ़):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि बहादुरगढ़ विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव परनाला का शमशान घाट बहुत बुरी अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त शमशान घाट के शैड का निर्माण, उपयुक्त रखरखाव, सफाई तथा सफेदी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है ?

----

## लाल डोरा मुक्त गांवों की संख्या

***19** **श्री राम कुमार (इंद्री):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में ऐसे गांवों की संख्या कितनी है जहां गांव को लाल डोरा मुक्त बनाने के पश्चात् लाभार्थियों को रजिस्ट्रियां उपलब्ध कराई गई हैं तथा उनका ब्यौरा क्या है ?

----

## टाउन पार्क विकसित करना

***20 श्री राजेश नागर (तिगांव):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नए विकसित ग्रेटर फरीदाबाद में एक टाउन पार्क विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक विकसित किए जाने की संभावना है?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**25 अगस्त, 2023.** **सचिव**